


## रोड एक्सीडेंट में घायल हुए शख्स को गोद में लेकर दौड़े सोनू सूद

अभिनेता सोनू सूद इंसानियत की नई मिसाल कायम कर चुके हैं। कोरोना काल में हजारों लाखों लोगों की उन्होंने जिस तरह मदद की, वह सराहनीय है। एक बार फिर सोनू सूद ने साबित कर दिया है कि वह रील नहीं रियल लाइफ के हीरो है। हाल में ही बुरी तरह सड़क दुर्घटना में घायल हुए लड़के की जिंदगी बचाने के लिए सोनू सूद ने दौड़ लगाई, उसे गोद में उठाया और पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। सोनू सूद के इस कदम की वजह से युवक की जान बच सकी। सोशल मीडिया पर सोनू सूद का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें सभी ऐक्टर के जज्बे और हिम्मत की दाद दे रहे हैं। मंगलवार को पंजाब के मोगा जिले के कोटकपुरा बाईपास पर दो गाड़ियों का भयंकर एक्सीडेंट हुआ। इस भयावह सड़क दुर्घटना का अंदाजा वीडियो में बुरी तरह डैमिज हो गई कार को देख कर लगाया जा सकता है। इस एक्सीडेंट में 19 साल का युवक बुरी तरह घायल हो गया जिसे बचाने के लिए खुद सोनू सूद आगे आए। जब घटना घटी तो ऐक्टर उसी रास्ते से गुजर रहे थे, सोनू सूद ने जैसे ही एक्सीडेंट को देखा तो वह गाड़ी की ओर दौड़े और एक्सीडेंट में बुरी तरह जख्मी हुए लड़के को गोद में उठाकर भागे। ऐक्टर ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया और इलाज भी करवाया।

## अनुपम खेर की मां ने किया लता मंगेशकर को याद, बोलीं– उनके जैसा कोई नहीं

अभिनेता अनुपम खेर अक्सर अपनी मां दुलारी देवी का वीडियो और किस्से शेयर करते हैं। एक बार फिर मां दुलारी संग बातचीत को फैंस के साथ शेयर किया है। अनुपम खेर और दुलारी देवी इस वीडियो में स्वर कोकिला लता मंगेशकर को याद कर रहे हैं। अनुपम खेर ने इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कहा, मेरी मां दुलारी का कहना है कि लता जी जैसा गायक ना कोई था और ना कोई होगा३ मां बाप तो प्यार करते ही है। दुनिया प्यार करनी चाहिए। इस वीडियो में दुलारी कहती हैं कि, जिंदगी क्या है, कुछ नहीं पता। लता मंगेशकर के अंतिम दर्शन करने के लिए दुनिया उमड़ी थीं। पिछले काफी समय से वह कमजोरी की वजह से गा नहीं पा रही थीं। हम रेडियो पर लता जी के गाने सुना करते थे। लता जी जैसा कोई सिंगर आजतक नहीं आया है। लता जी लोगों से भी बहुत प्यार करती थीं। हर इंसान को जिंदगी में अच्छे काम करने चाहिए। दुलारी देवी की इन बातों को सुन फैंस का रिएक्शन भी सामने आया। एक यूजर ने लिखा, बहुत बड़ी बात कह दी दुलारी जी ने, मां दुआएं ही देती हैं। लोगों को दुआएं मिलनी चाहिए काम अच्छे करने चाहिए।


## शादी के 11 साल बाद गुरमीत चौधरी बनेंगे पापा



टीवी पर राम और सीता का किरदार निभाकर फेमस हुए ऐक्टर गुरमीत चौधरी और देबिना बनर्जी ने फैंस को गुड न्यूज दी है। दोनों के घर पहले बच्चे की किलकारियां गूंजने वाली हैं। देबिना शादी के 11 साल बाद प्रेग्नेंट हुई हैं। उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए पहली बार फोटो शेयर की है, जिसके बाद बधाइयों का तांता लग गया है। गुरमीत और देबिना दोनों ने ही इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की है। दोनों ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। चेहरे पर खुशी झलक रही है, लेकिन फैंस के लिए ये भी फोटो बेहद खास है, क्योंकि में देबिना का बेबी बंप साफ दिखाई दे रहा है। टीवी के राम और सीता ने कैप्शन में लिखा, तीन बनने की तरफ। चौधरी जूनियर आने वाला है। आपके आशीर्वाद की जरूरत है। इस पोस्ट के साथ ही सिलेब्स और फैंस की बधाइयों का तांता लग गया है। मौनी रॉय, रश्मि देसाई, माही विज, हर्ष लिम्बाचिया, करण मेहरा सहित कई जानी–मानी हस्तियों ने उन्हें बधाई दी है। गुरमीत ऐक्टर होने के साथ मार्शल आर्टिस्ट भी हैं। उन्हें टीवी पर राम का किरदार निभाकर पॉप्युलैरिटी मिली। इसके अलावा उन्होंने रिएलिटी शो झलक दिखला जा में भी पार्टिसिपेट किया था, जिसके वो विनर रहे। गुरमीत खतरों के खिलाड़ी का भी हिस्सा रहे हैं। वो बॉलिवुड में भी डेब्यू कर चुके हैं। उनकी फिल्म खामोशियां और वजह तुम हो रिलीज हुई थी।

# 20 मिनट की मुलाकात में आशिकी के हीरो बने राहुल रॉय

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



आशिकी फेम राहुल रॉय 54 साल के हो गए। 9 फरवरी को वह अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने 90 के दशक में एक फिल्म करके लोगों के दिलों में ऐसी छाप छोड़ी कि आज भी लोग उनकी कमी महसूस करते हैं। रातों–रात सुपरस्टार बने राहुल रॉय की किस्मत ने उनका साथ ऐसा छोड़ा कि वह दोबारा कामयाब नहीं हो पाए। लाइन से उनकी फिल्में पिटने लगी थीं। हालांकि एक वक्त आया था, जब डूबते को तिनका का सहारा मिला था। वह थी फिल्म जुनून। यह उनकी दूसरी हिट साबित हुई थी। हम आज आपको ऐक्टर की लाइफ और करियर से जुड़ी कुछ अनकही बातें बताने जा रहे हैं।

### 20 मिनट की मुलाकात में बने हीरो

दरअसल, राहुल रॉय की मां इंदिरा रॉय मैग्जीन में कॉलम लिखा करती थीं। एक दिन ऐसे ही उनसे किसी काम के लिए फिल्म डायरेक्टर महेश भट्ट मिलने उनके घर पहुंचे थे। ड्रॉइंग रूम में दोनों बैठे थे। तभी उनकी नजर राहुल रॉय की फोटो पर गई, जो दीवार पर टंगी हुई थी। अब ऐक्टर दिखने में तो थे ही अच्छे। महेश भट्ट ने पूछ लिया कि ये कौन हैं। तब इंदिरा ने बताया कि वह उनके बेटे हैं। महेश भट्ट को राहुल इतने पसंद आए कि उन्होंने उनको लॉन्च करने का मन बना लिया। इंदिरा से पूछा कि राहुल क्या करते हैं, तो उन्होंने बताया कि वह मॉडलिंग करते हैं। इतना सुनते ही वह बोल पड़े कि इन्हें वह जल्द ही फिल्मों में लाएंगे। और ऐसा उन्होंने जल्द कर भी दिया। 20 मिनट की इस मुलाकात से राहुल को फिल्म ऑफर हुई। 1990 में उन्होंने आशिकी से राहुल रॉय ने डेब्यू किया और वह रातों–रात स्टार बन गए।

### महेश भट्ट के साथ बने राहुल के लिए सेवियर

राहुल रॉय को अपनी डेब्यू फिल्म से जो सफलता हाथ लगी, वह उनको बाकी किसी फिल्म से नहीं लगी। उन्होंने अपने करियर में अब तक 30 फिल्मों में काम किया। जिसमें से तीन–चार फिल्में छोड़कर बाकी सब फ्लॉप रहीं। और वह दो तो फिल्में महेश भट्ट की ही देन थी, जिनसे इनके करियर को डूबने से बचाया। आशिरी के रिलीज के बाद तीन फिल्में कीं, लेकिन उन्हें वह कामयाबी नहीं मिली, जो डेब्यू फिल्म से उन्होंने हासिल की थी। इसी में महेश भट्ट उनके लिए सेवियर बनकर उभरे। उन्होंने श्जुनूनश बनाने का फैसला किया और राहुल रॉय को कास्ट किया, जिसने उनके करियर को बड़ी सफलता दी। बता दें कि ये 1981 में एक हॉलीवुड फिल्म आई 'एन अमेरिकन वेयरवुल्फ इन लंदन'का हिंदी रीमेक थी। जिसमें राहुल रॉय इंसान से एक बाघ बन जाते थे।



### डूब गया करियर

राहुल रॉय ने कई फिल्में कीं। इसमें 'जानम', 'फिर तेरी याद आई', 'गुमराह', सपने साजन के' और 'मझदार' जैसी फिल्में शामिल थीं। हालांकि सभी अपना जलवा नहीं बिखेर सकीं। राहुल ने 1 श्रीदेवी के साथ , 2–2 रवीना टंडन, शिल्पा शेट्टी और करिश्मा कपूर के साथ, 3 फिल्में पूजा भट्ट के साथ की थी। लेकिन सब बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गईं।

### इसलिए राहुल रहय ने बहलिवुड से बना ली दूरी

राहुल रॉय ने अपनी फिल्मों में स्थिति देखते हुए बिग बॉस का हिस्सा बनने का फैसला किया। सीजन वन में यह आए और विनर बने। लेकिन उससे उनके करियर में कुछ इजाफा नहीं हुआ। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि इंडस्ट्री से वह स्टार और ऐक्टर बनने के लिए आए थे। लेकिन 30 साल के होने पर उन्होंने शादी का फैसला किया और फैमिली पर ध्यान देने का सोचा। उनका कहना था कि उस वक्त उनकी फिल्में भी सही काम नहीं कर रही थीं, और वह एक जैसे ही रोल कर रहे थे, जिससे उनके करियर की ग्रोथ रुक गई थी। शादी के बाद ऑस्ट्रेलिया शिफ्ट हो गए। इस वजह से बॉलिवुड में बने रहना थोड़ा मुश्किल हो गया था।

# दुबई में वेकेशन इंजॉय कर रहीं काजल अग्रवाल का ट्रोल्से को करारा जवाब

*साउथ की पॉप्युलर ऐक्ट्रेस काजल अग्रवाल इन दिनों प्रेग्नेंसी इंजॉय कर रही हैं। वो और उनके पति गौतम किचलू अपने पहले बच्चे का वेलकम करेंगे। इससे पहले दोनों दुबई में वेकेशन पर हैं। ऐक्ट्रेस ने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए हॉलिडे की कई खूबसूरत फोटोज शेयर की हैं, लेकिन उन्होंने अपने पोस्ट में ट्रोल्स को भी करारा जवाब दिया है, जो प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं के बढ़े वजन पर उनकी बॉडी शेमिंग करते हैं।*



काजल अग्रवाल ने तीन फोटोज शेयर की हैं, जिसमें वो अलग–अलग पोज में बेहद स्टनिंग नजर आ रही हैं। वो कैजुअल आउटफिट में हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ एक लंबा नोट भी लिखा है। 36 साल की ऐक्ट्रेस ने नोट में लिखा, मैं अपनी जिंदगी, शरीर, घर और सबसे जरूरी अपने वर्कप्लेस में हो रहे सबसे हैरान कर देने वाले नए डेवलेपमेंट से डील कर रही हूं। इसके अलावा कुछ कमेंट्स/बॉडी शेमिंग मैसेज/मीम्स वास्तव में मेरी मदद नहीं करते हैं। दयालु होना सीखें और अगर ये कठिन है तो बस जिएं और जीने दें। यहां उन सभी लोगों के लिए मेरे विचार हैं, जो समान जीवन स्थितियों से गुजर रहे हैं और इसे पढ़ने की जरूरत है। निश्चित रूप से उनके लिए, जिन्हें ये बात समझ नहीं आती है। ऐक्ट्रेस ने आगे लिखा कि प्रेग्नेंसी के दौरान हमारे शरीर में कई बदलाव होते हैं, जिसमें वजन बढ़ना भी शामिल है। हार्मोनल बदलाव के कारण हमारा पेट और ब्रेस्ट बड़े हो जाते हैं, क्योंकि बच्चा बढ़ता है और हमारा शरीर ब्रेस्ट फीडिंग की तैयारी करता है। कभी स्ट्रेच मार्क्स हो जाते हैं। कभी–कभी हमारी स्किन पर ऐक्ने भी हो जाते हैं। हम सामान्य से बहुत अधिक थके हुए हो सकते हैं। कई बार मूड स्विंग्स होते हैं। निगेटिव मूड के कारण अपनी बॉडी के बारे में अनहेल्दी और निगेटिव विचार आ सकते हैं। इसके अलावा जन्म देने के बाद हमें पहले की तरह वापस आने में भी कुछ समय लगता है। ये भी हो सकता है कि प्रेग्नेंसी से पहले हम जिस तरह से दिखते थे, पूरी तरह से कभी वापस वैसे न हो सकें और ये ठीक है। काजल ने आगे बताया कि ये बदलाव नैचुरल हैं। हमें एक बॉक्स या स्टीरियोटाइप में फिट होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, जीवन के सबसे खूबसूरत पल के दौरान हमें अनकंफर्टेबल या प्रेशराइज्ड होने की जरूरत नहीं है।